A Brief Report on IBD-2018

Chief Guest Shri Dara Singh Chauhan, Hon'ble Minister, Forest Department, Government of Uttar Pradesh
(1st Right) Dr. Mangala Rai, Ex- DG ICAR and Fellow, National academy of Agricultural Sciences,
(2nd Right) Dr. Rupak De, Head of Forest Force/PCCF, U.P. Forest Department, Lucknow
(1st Left) Shri Upendra Tiwari, State Minister (Independent Charge), Forest Department, Government of Uttar Pradesh
(2nd Left) Prof. Janki Andharia, Dean, Tata Institute of Social Sciences, Mumbai
(3rd Left) Shri Pawan Kumar, Secretary, U.P. State Biodiversity Board on the Dais

U.P. State Biodiversity Board, Lucknow celebrated the International Day for Biological Diversity (IBD-2018) on **22nd May, 2018** at **Dr. Ram Manohar Lohia National Law University Lucknow.** On this occasion, a conference was organized on the theme "***Safeguarding Life on Earth".***

25 YEARS Convention on Biological Diversity SAFEGUARDING LIFE ON EARTH

The conference was started after auspicious lighting of lamp by the Shri Dara Singh Chauhan, Hon'ble Minister, Forest Department, Government of Uttar Pradesh, Shri Upendra Tiwari, State Minister (Independent Charge), Forest Department, Government of Uttar Pradesh, Dr. Mangala Rai, Ex- DG ICAR and Fellow, National academy of Agricultural Sciences, Dr. Rupak De, Head of Forest Force/PCCF, U.P. Forest Department, Prof. Janki Andharia, Dean, Tata Institute of Social Sciences, Mumbai and Shri Pawan Kumar, Secretary, U.P. State Biodiversity Board on the Dais**.**

On this occasion, more than **350 delegates** including various Students, Scientists from various Research Organizations/institutes, Universities, Officers from U.P. Forest Department and NGOs etc participated enthusiastically. The details of the events are as follows:

Date: 22 May, 2018

Venue: Dr. Ram Manohar Lohia National Law University, Lucknow

Chief Guest:

Shri Dara Singh Chauhan, Hon'ble Minister, Forest Department, Government of Uttar Pradesh

Distinguished Guest:

Shri Upendra Tiwari, State Minister (Independent Charge), Forest Department, Government of Uttar Pradesh

Guests of Honour:

Dr. Mangala Rai, Ex- DG ICAR and Fellow, National academy of Agricultural Sciences.

Prof. Janki Andharia, Dean, Tata Institute of Social Sciences, Mumbai.

Dr. Rupak De, Head of Forest Force/PCCF, U.P. Forest Department, U.P., Lucknow.

Shri Pawan Kumar, Secretary, U.P. State Biodiversity Board

There were following two technical sessions:

Technical Session I - Chaired by: Shri. Pawan Kumar, Secretary, UPSBB

Speaker I – Dr. P.V. Raju, Head, Water Resources Assessment Division, National Remote Sensing Centre, Hyderabad

Speaker II – Dr. Sushil K. Sharma, Principal Scientist (NAIMCC),Kushmaur, Mau Nath Bhanjan, Uttar Pradesh

Technical Session II – Chaired by: Shri. Pawan Kumar, Secretary, UPSBB

Speaker III – Prof. V.N. Srivastava, Professor, New Delhi Institute of Management, New Delhi

Speaker IV – Prof. Janki Andharia, Dean, Tata Institute of Social Sciences, Mumbai

The conference ended by vote of thanks given by Shri Pawan Kumar, Secretary, U P State Biodiversity Board, Lucknow.

Glimpses of some views on the occasion of International Day for Biological Diversity-2018

View of Dais

Lighting of Lamp by the Dignitaries at Dais

A General View of Audience

Glimpse of Awareness Stall

Prize Distribution

Besides, on the occasion of International Day for Biological Diversity (IBD-2018), Uttar Pradesh Biodiversity Board, Lucknow in collaboration with Department of Zoology, Lucknow University also organized various events like ***Poster, Quiz, Slogan writing, Collage making, Extempore debate*** and ***Photography competitions*** on **20-05-2018** at Regional Science City, Aliganj.

Competitions were organized under various themes like ***"Agricultural Biodiversity"*** for poster competition, ***"Wild flora and fauna"*** for photography competition and ***"Biodiversity"*** for collage competition.

About **150 students** from different schools like Army Public schools, City Montessori School, M.L.M. School, Lucknow Public School etc. participated actively in this awareness campaign. The winners of the various events held at Regional Science City, Lucknow were felicitated on **22nd May, 2018** by Shri Dara Singh Chauhan, Hon'ble Minister, Forest Department, Government of Uttar Pradesh.

Felicitation of Winners of various events by Hon'ble Forest Minister Shri Dara Singh Chauhan, U.P., Lucknow

Glimpses of Biodiversity festival -2018
Organized on 20-05-2018

Invitation Card

2011-2020
United Nations Decade on Biodiversity

ISO 9001:2008

आयोजक:

उत्तर प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड
पूर्वी विंग, ए-ब्लाक, तृतीय तल, पिकप भवन, विभूति खण्ड,
गोमती नगर, लखनऊ-226 010, उ०प्र०, भारत
दूरभाष : + 91 522 4006746, + 91 2306491
ईमेल : upstatebiodiversityboard@gmail.com
वेबसाईट : www.upsbdb.org

अन्तर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस
22 मई, 2018
राष्ट्रीय संगोष्ठी

२५ साल
जैविक विविधता सम्मेलन
पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा
Convention on Biological Diversity
SAFEGUARDING LIFE ON EARTH

कार्यक्रम
22 मई, 2018 मंगलवार

पंजीकरण	09.30 से 10.30	
	उद्घाटन सत्र - पूर्वाह्न 10.30 से 12.30	
10.30–10.35	माननीय अतिथियों का स्वागत	
10.35–10.40	दीप प्रज्जवलन द्वारा संगोष्ठी का उद्घाटन	
10.40–10.45	स्वागत भाषण	**डा० रूपक डे,** हेड ऑफ फारेस्ट फोर्स / प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन एवं वन्यजीव विभाग, उ०प्र०, लखनऊ
10.45–11.00	संगोष्ठी का उद्देश्य	**सचिव, उ०प्र० राज्य जैवविविधता बोर्ड**
11.00–11.05	उद्बोधन	**प्रो० संजय सिंह,** कुलपति, डा० राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ
11.05–11.10	उद्बोधन	**प्रोफेसर जानकी अन्धारिया,** डीन, टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुम्बई, विशेष अतिथि
11.10–11.30	उद्बोधन	**डा० मंगला राय, फेलो,** पूर्व महानिदेशक, आई.सी.ए.आर., विशेष अतिथि
11.30–11.45	उद्बोधन	**श्री उपेन्द्र तिवारी,** मा० राज्य मंत्री जी (स्वतंत्र प्रभार), वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान, उद्यान, जल सम्पूर्ति, भूमि विकास एवं जल संसाधन, परती भूमि विकास, सहकारिता, उत्तर प्रदेश, लखनऊ, विशिष्ट अतिथि
11.45–12.00	उद्बोधन	**श्री दारा सिंह चौहान,** मा० वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं उद्यान मंत्री, उत्तर प्रदेश, लखनऊ, मुख्य अतिथि
12.00–12.05	स्मृति चिन्ह भेंट किया जाना	
12.05–12.10	धन्यवाद ज्ञापन	
12.10–12.30	स्वल्पाहार	
	प्रथम सत्र - अपराह्न 12.30 से 01.50	
12.30–01.10	व्याख्यान	**डा० पी.वी. राजू,** हेड, वॉटर रिसोर्स एसेसमेन्ट डिवीजन, नेशनल रिमोट सेन्सिंग सेन्टर, हैदराबाद
01.10–01.50	व्याख्यान	**डा० सुशील कुमार शर्मा,** प्रधान वैज्ञानिक, नेशनल ब्यूरो ऑफ एग्रीकल्चरली इम्पार्टेन्ट माइक्रोआर्गेनिज्म्स, मऊ, उ०प्र०
01.50–02.30	भोजनावकाश	
	द्वितीय सत्र - अपराह्न 02.30 से 04.30	
02.30–03.30	व्याख्यान	**डा० वी०एन० श्रीवास्तव,** प्रोफेसर, नई दिल्ली इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, नई दिल्ली
03.30–04.00	व्याख्यान	**प्रोफेसर जानकी अन्धारिया,** डीन, टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुम्बई
04.00–04.30	समापन उद्बोधन	**प्रमुख सचिव, वन एवं वन्यजीव, उ०प्र० शासन / अध्यक्ष, उ०प्र० राज्य जैवविविधता बोर्ड**

"25 साल जैविक विविधता सम्मेलन
पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा"
विषय पर आयोजित
राष्ट्रीय संगोष्ठी

मुख्य अतिथि :
श्री दारा सिंह चौहान
मा० वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं उद्यान मंत्री,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

विशिष्ट अतिथि :
श्री उपेन्द्र तिवारी
मा० राज्य मंत्री जी (स्वतंत्र प्रभार), वन एवं पर्यावरण,
जन्तु उद्यान, उद्यान, जल सम्पूर्ति, भूमि विकास एवं जल संसाधन,
परती भूमि विकास, सहकारिता, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

दिनांक : 22 मई, 2018, समय : पूर्वान्ह 9.30 बजे

स्थल: "डा० राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय,
एल.डी.ए. कालोनी, कानपुर रोड, लखनऊ"

इस संगोष्ठी में आप सादर आमंत्रित हैं।

सचिव
उत्तर प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड
लखनऊ

अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड
लखनऊ

Media Coverage

The Pioneer, Lucknow: 23-05-2018

the pioneer

LUCKNOW | WEDNESDAY | MAY 23, 2018

Biodiversity role highlighted

Lucknow (PNS): Prithvi Innovations celebrated International Biodiversity Day (IBD) at Ghaila Gomti river bank. Students from Navyug Radiance Senior Secondary College, Rajendranagar, along with TCS volunteers, participated in the programme with great enthusiasm.

After shramdaan and cleaning, the creative team from Navyug School did amazing art work at one corner of the bridge highlighting the importance of biodiversity and the need to care for it.

Later, Anuradha Gupta from the Prithvi Innovations in very simple terms explained: "What is biodiversity, what it does for us and how important it is and that we should be grateful for the rich variety that we are blessed with."

She shared diversity of ecosystem, inter-species biodiversity and the intra -species biodiversity through real life examples .

Through interactive session, students got sensitised about the fragile but precious web of life and about interdependence on each other. The important message of respecting and caring for Gomti river was very well conveyed to all.

Pioneer, Lucknow: 23-05-2018

पायनियर

लखनऊ, बुधवार, 23 मई, 2018

वन मंत्री ने गौरैया व गिद्धों की घटती संख्या पर व्यक्त की चिन्ता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● प्रत्येक प्रदेश वासी एक वृक्ष लगाकर प्रदेश को हराभरा बनाने में सहयोग करेः दारा सिंह चौहान

वन मंत्री दारा सिंह ने कहा कि प्रत्येक प्रदेशवासी एक वृक्ष लगाकर प्रदेश को हराभरा बनाने में अपना सहयोग प्रदान करे। उन्होंने प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'एक जिला-एक उत्पाद' की भावना के अनुरूप 'एक प्रभाग-एक उत्पाद' की योजना पर कार्य करते हुए प्रत्येक प्रभाग के मुख्य वन उत्पाद चिह्नित कर प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। घर आँगन में पाई जाने वाली गौरैया व प्राकृतिक सफाई कर्मी गिद्धों की घटती संख्या पर चिन्ता व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि 'जिओ और जीने दो' एवं 'सबका साथ सबका विकास' की भावना को कार्यरूप में परिणत कर मनुष्य के साथ ही समस्त पादप व प्राणि प्रजातियों के लिए अनुकूल स्थितियां सृजित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा राज्य वन नीति 2017 का प्रख्यापन किया गया। यह बात वन मंत्री ने मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस के अवसर पर डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा 25 साल जैविक विविधता सम्मेलन 'पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारम्भ अवसर पर कही।

इस अवसर पर मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि जैवविविधता संरक्षण की दिशा में युवाओं को इस दिशा में प्रेरित करना हम सबका उत्तरदायित्व है। जैवविविधता के प्रति रूचि, उत्सुकता व ग्रहणशीलता उत्पन्न कर जैवविविधता संरक्षण की दिशा में समाज का सहयोग प्राप्त करने में सफल हो सकते हैं। मंत्री ने आह्वान किया कि प्रत्येक प्रदेशवासी मात्र एक वृक्ष रोपित कर प्रदेश में 22 करोड़ पौध रोपित कर प्रदेश को हरा-भरा करने में योगदान दे सकता है। दारा सिंह चौहान ने कहा कि जैवविविधता से होने वाले आर्थिक लाभों से जन सामान्य को उनकी ही भाषा में अवगत कराकर जैवविविधता संरक्षित करने में जन-जन का योगदान प्राप्त कर सकते है।

इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री वन एवं पर्यावरण जन्तु उद्यान एवं उद्यान उपेन्द्र तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की समृद्ध परम्परा न अपनाने से हम प्रकृति से दूर होते जाएगें। प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष डॉ रूपक डे कहा कि अफ्रीका में 2 लाख वर्ष पूर्व जीवन की उत्पत्ति हुई तथा जीवन के उद्भव के उपरान्त विकासए संगठन एवं सीखने की क्षमता के कारण मनुष्य ने वर्तमान स्वरूप तक प्रगति की है। अब तक खोजे गए 250 ग्रहों में धरती ही एक मात्र ग्रह है जहाँ जीवन के लक्षण पाए गए हैं।

Amar Ujala, Lucknow: 23-05-2018

लखनऊ | बुधवार, 23 मई 2018 4

अमर उजाला राजधानी

'आंगन में गौरैया, गमलों में तितलियां, सड़क किनारे गिद्ध ही जैव विविधता'

लोहिया विधि विवि में जैव विविधता दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में वन मंत्री दारा सिंह चौहान।

लोहिया विधि विवि में जैव विविधता दिवस पर हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोले वन मंत्री

लखनऊ। वन मंत्री दारा सिंह चौहान ने हर वन प्रभाग के मुख्य वन उत्पाद को चिह्नित कर उसे एक जिला-एक उत्पाद योजना से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आमजन को उसी की बोली में जैव विविधता का महत्व बताने पर जोर देते हुए कहा कि जिस दिन आंगन में गौरैया, बगीचों व गमलों में तितलियां और ग्रामीण सड़कों के इर्द-गिर्द गिद्ध दिखने लगेंगे, उसी दिन जैव विविधता का सपना साकार होना शुरू हो जाएगा। वे मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विवि में हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोल रहे थे।

उप्र. राज्य जैव विविधता बोर्ड की ओर से आयोजित '25 साल जैविक विविधता सम्मेलन और पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा' विषयक संगोष्ठी में मंत्री ने सभी का आह्वान करते हुए कहा कि प्राणि व वनस्पति जगत के लिए सभी को एक-एक पौधा रोपना चाहिए जिससे अनुकूल स्थितियां बन सकें। वन राज्यमंत्री उपेंद्र तिवारी ने गोंडा में 4 वन टांगिया ग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित करने का जिक्र करते हुए कहा कि प्राकृतिक वातावरण में रहने वाले व्यक्ति स्वस्थ और दीर्घायु होते हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. रूपक डे ने जैव विविधता का महत्व समझाया। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के डीन प्रो. जानकी अंधारिया ने कहा कि जैव विविधता व पारिस्थितिकीय क्षरण का दुष्प्रभाव जलवायु परिवर्तन के रूप में सामने आ रहा है। ब्यूरो

Hindustan, Lucknow: 23-05-2018

हिन्दुस्तान

लखनऊ • बुधवार • 23 मई 2018 08

जैव विविधता संरक्षण जरूरी

सम्मेलन

लखनऊ | निज संवाददाता

प्रदेश के वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं उद्यान मंत्री दारा सिंह चौहान ने मंगलवार को ऐलान किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना 'एक जिला एक उत्पाद' की तर्ज पर जैव विविधता के संरक्षण के लिए 'एक प्रभाग-एक उत्पाद' की योजना लागू की जाएगी। साथ ही अपने विभाग को निर्देश दिया कि प्रत्येक प्रभाग के मुख्य वन उत्पाद चिह्नित कर इसके लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाए।

वह अन्तरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर डॉ.लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में '25 साल जैविक विविधता सम्मेलन पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का उदघाटन कर रहे थे। उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड की ओर से सम्पन्न संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए श्री चौहान ने कहा कि जैवविविधता संरक्षण की दिशा में युवाओं को प्रेरित करना हम सबका उत्तरदायित्व है।

अपनी परम्परा से जुड़ना होगा

विशिष्ट अतिथि वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं उद्यान राज्यमंत्री उपेन्द्र तिवारी ने कहा कि जैव विविधता संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होने के साथ ही अपनी परम्परा और संस्कृति से जुड़ना होगा। पर्यावरण संरक्षण की अपनी पुरानी परम्परा नहीं अपनाने से हम प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं।

वैज्ञानिकों और विद्वानों का आह्वान किया कि वह सरल भाषा में जैव विविधता की भूमिका, महत्व एवं संरक्षण की आवश्यकता से लोगों को जागरूक।

Jan Morcha, Lucknow: 23-05-2018

लखनऊ | बुधवार | 23 मई 2018 जनमोर्चा 07

पड़ताल

-महेन्द्र पांडे

जैव विविधता बचाने के लिए

पिछले कई वर्षों से माना जाता रहा है कि जनसंख्या वृद्धि और जलवायु परिवर्तन ही मनुष्य का अस्तित्व बचाने की सबसे बड़ी चुनौती है, पर अब अधिकतर वैज्ञानिक भी मानने लगे हैं कि जैव विविधता का तेजी से हो रहा विनाश भी उतनी ही बड़ी समस्या है और इससे निपटना जरूरी है। सामान्य स्थिति की तुलना में वर्तमान में जैव विविधता के विनाश की दर हजार गुना से भी अधिक है। अब तो यह भी कहा जाने लगा है कि आधी पृथ्वी जैव विविधता के बचाने के लिए छोड़ देनी चाहिए।

संयुक्तराष्ट्र में जैवविविधता की प्रमुख क्रिस्टीना पामर के अनुसार वर्ष 2050 तक कम से कम आधी दुनिया को पर्यावरण और जैव विविधता के अनुकूल बनाना जरूरी है। इसे पूरा करने के लिए भूमि और महासागरों के संरक्षित क्षेत्र, इससे सम्बन्धित परियोजनाएं और भूमि के सतत विकास क्षेत्र को हर एक दशक में कम से कम 10 प्रतिशत तक बढ़ाने की आवश्यकता है।

जैव विविधता में कमी का भी प्रभाव उतना ही घातक है जितना जलवायु परिवर्तन का। पामर के अनुसार प्रजातियों का विलुप्तीकरण जिस तेजी से हो रहा है, वह अभूतपूर्व है, ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया। इससे मानव सहित अनेक प्रजाति प्रभावित हो रही है। यह सब मौसम के बदलाव जैसा दिखाई नहीं देता पर हम सबको धीरे धीरे मार रहा है। उत्तरी सफेद गैंडा का विलुप्त होना एक खबर बनता है, पर प्रजातियों का विनाश यहीं तक सीमित नहीं है। इस विनाश के मुख्य कारण हैं : प्राकृतिक क्षेत्रों की जमीन के उपयोग में बदलाव, कृषि का विस्तार, भूमि का [illegible] उपयोग, अमीर देशों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन और जल संसाधनों का प्रदूषण।

अधिकतर देशों की सरकारों ने वर्ष 2020 तक विश्व की 17 प्रतिशत भूमि और महासागरों के 10 प्रतिशत क्षेत्र को संरक्षित करने का प्रण लिया है, पर परिणाम निराशाजनक हैं। अनेक ऐसी प्रजातियों का नाश हो रहा है जो वायुमंडल में ऑक्सीजन उपलब्ध कराती हैं, भूमि की उपजाऊपन बढ़ाती हैं, नदी पानी को साफ करती हैं या फिर इनसे औषधि प्राप्त होती है। पूरी दुनिया में प्रजातियाँ संकट में हैं।

जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सम्बन्धित सेवाओं के कारण एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 1990 से 2010 तक आर्थिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत से अधिक की रही, पर इसी आर्थिक विकास के कारण जैव विविधता संकट में है। असामान्य मौसम का बदलाव, महासागरों का दोहन, बाहर के प्रजातियों का अतिक्रमण, कृषि क्षेत्र में वृद्धि और बढ़ता प्रदूषण ये सब मिल कर प्रजातियों पर अभूतपूर्व प्रहार कर रहे हैं। अनुमान है कि वर्ष 2050 तक पूरे क्षेत्र की लगभग 90 प्रतिशत प्रवाल भित्तियां नष्ट होने की कगार पर होंगी और व्यावसायिक उपयोग के लिए मछलियाँ नहीं बचेंगी। यूरोप और केंद्रीय एशिया में परम्परागत कृषि और वानिकी के कारण जैव विविधता खतरे में है। यूरोपियन यूनियन के देशों ने मात्र 7 प्रतिशत समुद्री प्रजातियों और 9 प्रतिशत प्राकृतिक क्षेत्रों का संरक्षण वैज्ञानिक तरीके से किया जा रहा है।

अफ्रीका अधिकतर विशालकाय स्तनपायी प्रजातियों का एकमात्र आवास है, फिर भी मानवीय गतिविधियों और प्राकृतिक कारणों से वर्तमान में यहाँ की वनस्पतियों, मछलियों, उभयचर जीव, सरीसृप, पक्षी और स्तनपायी विलुप्तीकरण की कगार पर है। अनुमान है कि जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2100 तक अफ्रीका में पक्षियों और जन्तुओं की आधी से अधिक आबादी विलुप्त हो जायेगी। झीलों की उत्पादकता में 30 प्रतिशत से अधिक की कमी होगी और वनस्पतियों की प्रजातियों का प्रभावी नाश होगा। अमेरिका जैव विविधता के सन्दर्भ में समृद्ध है, पर लगभग 65 प्रतिशत प्रजातियाँ संकट में हैं। लगभग 21 प्रतिशत प्रजातियाँ सीधे तौर पर जलवायु परिवर्तन से प्रभावित हो रही हैं।

विश्व प्रसिद्ध पर्यावरणविद ई ओ विल्सन के अनुसार आधी पृथ्वी को जन्तुओं और वनस्पतियों के लिए छोड़ देना चाहिए, पर सभी देश इसे आर्थिक विकास में बाधा मानते हैं। वर्तमान में विज्ञान, पर्यावरण और आर्थिक नीतियों में समन्वय का अभाव है। इसे दूर करने के लिए आवश्यक है कि शहर, कृषि और उद्योग सतत विकास पर ध्यान दें और शेष क्षेत्रों को इस तरह विकसित किया जाए जिससे जैव विविधता न्यूनतम प्रभावित हो।

Sandhya Hulchul, Lucknow: 23-05-2018

सांध्य हलचल (हिन्दी दैनिक), लखनऊ

बुधवार, 23 मई 2018 2

सामाजिक सहभागिता से संरक्षित होगी जैव विविधता:दारा सिंह

वृहद वृक्षारोपण कर संरक्षित किया जा सकता है पर्यावरण संतुलन

जियो और जीने दो ,सबका साथ,सबका विकास की अवधारणा पर केन्द्रित

लखनऊ। अन्तर्राष्टीय जैवविविधता दिवस के अवसर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्टीय विधि विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा "25 साल जैविक विविधता सम्मेलन पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा" विषय पर राष्टीय गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि वन,पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं उद्यान मंत्री दारा सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि पद से सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि 'एक जिला -एक उत्पाद" की भावना के अनुरूप "एक प्रभाग-एक उत्पाद" की योजना पर काम किया जाये। उन्होने कहा कि प्रत्येक प्रभाग के मुख्य वन उत्पाद चिहिन्त कर प्रोत्साहित उन्हे प्रात्साहित किया जाये। जैवविविधता संरक्षण की दिशा में युवाओं को प्ररित करने पर जोर दिया गया। जैवविविधता के प्रति रूचि, उत्सुकता व ग्रहणशीलता पैदा कर जैवविविधता संरक्षण की दिशा में सामाजिक सहयोग से कामयाबी हासिल करने की बात कही। मंत्री ने कहा कि सरल भाषा में जैवविविधता की भूमिका, महत्व व संरक्षण की आवश्यकता से अवगत करवाकर जन सामान्य की अपेक्षा व आकांक्षाओं की पूर्ति एवं पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा सम्भव है। हमारे पूर्वजों द्वारा प्रकृति उन्होने घर आँगन में पाई जाने वाली गौरया व प्राकृतिक सफाई कर्मी गिद्धों की घटती संख्या पर अफसोस जाहिर करते हुए श्री चौहान कहते है कि 'जिओ और जीने दो' एवं 'सबका साथ सबका विकास' की भावना को कार्यरूप में परिणत किया जाना जरुरी है। प्रदेश सरकार द्वारा राज्य वन नीति-2017 का प्रख्यापन किया गया। उन्हाने प्रदेश 22 करोड़ वृक्ष पौध रोपित कर प्रदेश को हरा-भरा बनाने में सहयोग मांगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री वन एवं पर्यावरण,जन्तु उद्यान एवं उद्यान, उपेन्द्र तिवारी ने कहा कि राष्टीय संगोष्ठी 'पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा" बहुत बड़ा विषय है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होने के साथ ही अपनी परम्परा व संस्कृति से जुड़ना होगा। पर्यावरण संरक्षण की समृद्ध परम्परा न अपनाने से हम प्रकृति से दूर होते जाएगें। जीवन शैली व भू-उपयोग में परिवर्तन के कारण जैवविविधता क्षरण से हमारा जीवन भी प्रभावित हो रहा है। दोनो अतिथियों ने अन्तर्राष्टीय जैवविविधता दिवस के मौके पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया । आगंतुको का स्वागत प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष डॉ रूपक डे द्वारा किया गया। सचिव राज्य जैवविविधता बोर्ड पवन कुमार ने राष्टीय संगोष्ठी के उद्देष्यों पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर जानकी अन्धारिया, डीन टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज ने कहा कि जैवविविधता व पारिस्थितिकीय क्षरण का दुष्प्रभाव जलवायु परिवर्तन के रूप में परिलक्षित हो रहा है। संगोष्ठी के विशेष अतिथि डॉ मंगला राय ने अत्यन्त रोचक व ज्ञानवर्धक उद्बोधन किया।